भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं. 246*
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार 9 अगस्त, 2018 को दिया जाना है

हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड, केरल का निजीकरण

246* श्री इलामारम करीम:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हिन्दुस्तान न्यूज़प्रिंट लिमिटेड (एचएनएल), वेल्लूर, कोट्टायम, केरल का निजीकरण करने का निर्णय लिया है;

(ख) क्या सरकार को केरल सरकार की ओर से कोई अनुरोध-पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें उन्होंने हिन्दुस्तान न्यूज़प्रिंट लिमिटेड का अधिग्रहण करने की इच्छा व्यक्त की है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय ले लिया है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री अनंत ग. गीते)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

****

<u>विवरण</u>

“हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड, केरल का निजीकरण” के संबंध मे श्री इलामारम करीम द्वारा पूछे गए दिनांक 09.08.2018 के लिए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 246 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क): जी हां। सरकार ने दो स्तर वाली बोली प्रक्रिया के माध्यम से पहचान किए जाने वाले एक कार्यनीतिक क्रेता को हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचएनएल) में हिंदुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसी), भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्व वाला केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई), की 100 प्रतिशत अंशधारिता के कार्यनीतिक विनिवेश के लिए ‘सैद्धांतिक’ अनुमोदन दिया है।

(ख): सरकार को दिनांक 13.06.2018 और 26.06.2018 को केरल राज्य सरकार से अनुरोध प्राप्त हुए हैं जिसमें उन्होंने पारस्परिक परामर्श से एचएनएल की परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करने की इच्छा व्यक्त की है।

(ग): कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

****